दैनिक
न्याय साक्षी

महत्वपूर्ण एवं खास

न्यायालय के आदेश पर बलात्कार का मामला दर्ज

अपराध दर्ज कराने पीड़िता काट रही थी थाने के चक्कर

रायगढ़। चक्रधरनगर पुलिस बलात्कार की पीड़िता की शिकायत पर मामला नहीं दर्ज कर रही थी। इस पर पीड़िता ने न्यायालय में गुहार लगाई। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सीमा कंवर ने मामले पर संज्ञान लिया और चक्रधर पुलिस को मामले में अपराध दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट की दखल के बाद अब पीड़िता को न्याय मिलता हुआ दिख रहा है। एक पीड़िता चक्रधर नगर थाने उसके साथ हुए बलात्कार की शिकायत दर्ज कराने पहुंची थी। जैसे ही पीड़िता ने चक्रधर नगर पुलिस के सामने बताया कि उसके साथ आनंद परिहार और उसके साथियों ने अनाचार किया है, तो पुलिस के हांथ पांव फूल गए। आरोपी की पहुंच को देखते हुए पुलिस ने पीड़िता से आवेदन लेकर जांच की बात कही और उसके बाद उसे घुमाती रही। कई बार थाने के चक्कर काटने के बाद भी जब पीड़िता की शिकायत थाने में दर्ज नहीं की गई तो हार कर पीड़िता ने न्यायालय जाकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता के आवेदन पर सुनवाई करते हुए न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ने चक्रधर थाना प्रभारी को तलब किया और पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सही विवेचना करने का आदेश दिया। बलात्कार जैसे जघन्य अपराध में मामला न दर्ज कर आरोपियों को खुला घूमने देने की छूट देने के इस मामले से चक्रधर नगर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर के ख्यातिलब्ध अधिवक्ता आशीष मिश्रा की ओर से न्यायिक दंडाधिकारी प्रथमश्रेणी सीमा कंवर की अदालत में धारा 156 (3) दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत आवेदनपत्र प्रस्तुत किया गया था।

खरसिया अंजोरीपाली पति ने पत्नी के विवाद के बाद फाँसी में लटकी मिली पत्नी-परिजनों ने कहा हत्या कर फंदे में लटकाया गया

रायगढ़। 24 वर्षीय महिला को हत्या कर फाँसी के फंदे में लटकाए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया ,मृत महिला श्रीमती सिमली यादव के साथ उसके पति अजय उर्फ टीकाराम यादव ग्राम अंजोरिपाली खरसिया के द्वारा जमकर मारपीट किया गया एवं मृतिका के शव को फाँसी के फंदे में लटका के आत्महत्या बताए जाने का असफल प्रयास किया जा रहा था। खरसिया पुलिस के पहुंचने से पहले ही मृतिका के शव को फांसी के फंदे से उतार लिया गया। मृतिका के मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि उनके पहुंचने के पहले मृतिका को फाँसी से उतार लिया गया था साथ ही खरसिया पुलिस में सूचना भी नही दी गई था।

मामले की जानकारी मिलनें पर खरसिया चौकी पुलिस एवं नायब तहसीलदार खरसिया विवेक पटेल ने घटनास्थल पहुंच के परिजनों का बयान दर्ज किया था मामले में मर्ग कायम कर मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए खरसिया सिविल अस्पताल भेजा गया। महिला की मौत की वास्तविक कारण का खुलासा होगा। मृतिका के पति द्वारा दहेज के कारण आये दिन मृतिका से मारपीट किये जाने का आरोप मृतिका के मामा द्वारा लगाया गया है।

फिलहाल उक्त मामले में कानून के जानकार के द्वारा लिपापोती में कोई कोर कसर छोड़ नहीं हैं सारे सबूतों के साथ हास्पिटल के रिपोर्ट में हेराफेरी कर हत्या को आत्महत्या का रंग देने में लगें रहने पर क्षेत्र में जमकर हो रहा हैं कानाफूसी। खरसिया पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट खुलासा की बात कही जा रहा है। मृतिका के माता-पिता कल पहुंच कर उच्च अधिकारियों से मामलें का शिकायत किए जाने की बातें भी आ रहा हैं ।

पुलिस महिला रक्षा टीम प्रभारी ने महिला डेस्क के सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

रायगढ़। आज दिनांक 14-05-19 को महिला रक्षा टीम प्रभारी सरस्वती महापात्रे के द्वारा थाना कोतवाली , कोतरारोड़ में महिला डेस्क का गठन कर महिला डेस्क की महिला पुलिसकर्मियों को महिला से सम्बंधित अपराध एवम उनके निराकरण से सम्बंधित कानूनी प्रावधानों का विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया । पुलिस महिला रक्षा टीम की प्रभारी सउनि महापात्रे ने महिला पुलिसकर्मियों को निर्देशित कि वर्तमान में थाने में अधिक लोगों के होने पर पीड़िता महिला एवं बच्चों को अपनी बात रखने में झिझक होती है, इसलिए थाने के महिला डेस्क के लिए अलग से उपलब्ध कराये गये कक्ष में महिलाओं को ले जाकर एक पारिवारिक माहौल उपलब्ध करवाकर उनके साथ सहानुभूति पूर्वक उनकी समस्याओं को सुनकर वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग एवं मार्गदर्शन लेकर पीडित के शिकायत का शीघ्र निराकरण कर उन्हें संतुष्ट करें ।

सउनि सरस्वती महापात्रे ने बताया कि राज्य में महिला सम्बंधित शिकायतों के शीघ्र निराकरण तथा महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों में कमी लाने एवम सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक थाने में पुनः नये सिरे से महिला डेस्क का गठन किये जाने के निर्देश पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त हुआ है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वय के मार्गदर्शन पर आज दिनांक 14.05.19 को थाना कोतवाली एवं कोतरारोड़ में महिला डेस्क का गठन किया गया तथा महिला डेस्क की महिला आरक्षक सुकृता कर्ष थाना कोतवाली, महिला आरक्षक प्रियंका मिंज थाना कोतरारोड़ को प्रशिक्षण दिया गया है । आने वाले दिनों में लगातार सभी थानों में महिला डेस्क का गठन कर महिला पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जावेगा ।

परेशान माँ घर से निकली महिला रायगढ़ पहुँची आर पी एफ ने दिखाई संवेदना सखी सेंटर

रायगढ़। बिहार के पटना महानगर की रहने वाली एक वृद्धा को घर मे बेटे बहू ने इतना प्रताड़ित किया कि वो दुखी होकर पटना से टाटा नगर पहुँची और साउथ बिहार ट्रेन में चढ़ने के बजाय टाटा पैसेंजर गाड़ी से कोतरलिया स्टेशन पर उतरी महिला को स्टेशन मास्टर की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मानवता का परिचय देकर उसे सखी सेंटर रायगढ़ के सुपुर्द कर दिया गया है।

इस मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए रेलवे सुरक्षा बल रायगढ़ थानाप्रभारी निरीक्षक एम.एल यादव ने बताया कि सोमवार 13 मई को पैसेंजर ट्रेन 58113 से कोतरलिया स्टेशन पर लगभग 55 वर्ष की महिला उतरी। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम राजमुनी देवी पति का नाम जगत नारायण शर्मा पता- ग्राम चक्की जिला बक्सर बिहार बताया। वहीं वर्तमान पता तार कंपनी टेल्को टाटानगर झारखंड बताया। ऐसे में इस महिला को लौटती पहली ट्रेन से रायगढ़ रवाना किया गया। श्री यादव के मुताबिक बिहार के पटना महानगर की रहने वाली एक वृद्धा राजमुनी देवी पति का नाम जगत नारायण शर्मा पता-ग्राम चक्की जिला बक्सर बिहार को घर मे बेटे बहू ने इतना प्रताड़ित किया कि वो दुखी होकर पटना से टाटा नगर पहुँची और साउथ बिहार ट्रेन में चढ़ने के बजाय टाटा पैसेंजर गाड़ी से कोतरलिया स्टेशन पर उतरी और वो आत्महत्या करने जा रही थी कि अचानक महिला को पोर्टर ने देख लिया और उसे स्टेशन मास्टर के पास ले आया महिला को स्टेशन मास्टर की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मानवता का परिचय देकर उसे निरीक्षक एम.एल यादव के निर्देशानुसार उन्हें विधिवत शासकीय सखी सेंटर रायगढ़ में वॉलिंटियर पद्मा रात्रे को सुपुर्द किया गया। देश-भक्ति जनसेवा की शपथ लेने वाले रायगढ़ आर पी एफ पोस्ट प्रभारी एम एल यादव एवं उनकी टीम के द्वारा एक वृद्ध महिला की जान बचाकर उसके परिजनों को सूचित कर एक अच्छी सोच के साथ मानवता की मिशाल जिंदा रखने का जो प्रयास किया है वो इंसान का फर्ज है कि हर जरूरत मंद की आप मदद के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाए वैसे भी रायगढ़ एक संस्कारधानी नगरी है यह पर लोग एक दूसरे की मदद करने में हमेशा आगे रहते है।

एनएच पर फिर हुआ हादसा, दो की मौत

रायगढ़। रायगढ़ से सारंगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग में रविवार देर शाम एक के बाद दो सड़क दुर्घटना हो गई. जिसमें दो लोगों को अपनी जान गंवानी पढ़ी. इनमें पहली घटना गोपालपुर के पास घटित हुई और दूसरी घटना बढ़े भंडार के पास. लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाएं राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेपरवाह तरीके से चले रहे वाहनों पर रोकथाम करने में यातायात विभाग की नाकामी को साबित कर रही है। सब्जी लेकर अपने मामा के घर जा रहे युवक को अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई, वहीं इस घटना में मृत युवक के साथ मौजूद एक अन्य युवक भी चोटिल हो गया। घटना चंद्रपुर थाना क्षेत्र का है, जहां रहनेवाले विशाद निषाद 44 साल पिता धनीराम निषाद बीते रविवार को घर से सब्जी लेकर रामखौदरा अपने घर जा रहा था. इस दौरान स्कूटी पर विशाल के साथ एक दूसरा युवक भी साथ में मौजूद था. इसी दौरान डभरा थाना के गोपालपुर के पास उनके स्कूटर को पीछे से आ रही सफेद बोलेरो ने टक्कर मार दी. जिससे स्कूटर पर मौजूद दोनों लोग दुर्घटनाग्रस्त हो गए, इस घटना में विशाल को चोट अधिक लगने के कारण स्थानीय लोगों ने डभरा अस्पताल में भर्ती कराया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तरुणमत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं वर्किंग बोर्ड के सदस्यों क्रमशः सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल विरासत पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करावेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

Topper Students
Last Session
Tanu 90%
Yamini 98%
Shradha 95%
Priyanka 96%
Prerna 94%
Himadra 98%
Akanksha 95%
Gurupreet 98%
Chetna 94%
Arpita 99%
Arpita 98%
Rakesh 97%
Sejal 88%
Shiva 97%
Topper Students
Last Session
Soham 92%
Prince 97%
Kanan 98%
Abhishek 99%
Ayush 97%
Prachi 97%
Tulika 96%
Pari 96%
Aradhya 97%
Ananya 99%
Ashish 98%
Ankita 99%
Join
CAREER...

CAREER SCHOOL
ADMISSION OPEN
स्थापना दिनांक
1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से
लगातार बच्चों के साथ..
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers...
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms...
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar...
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday...
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School...

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी
समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं.
9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480